पेज थ्री देहरादून
हमारा दून
देहरादून, रविवार 1 दिसंबर, 2019



पत्रकार वार्ता के दौरान रघुनाथ सिंह नेगी।

# उत्तराखंड का इतिहास वीरता से भरा हुआ हैः उपराष्ट्रपति

कार्यक्रम

**स्वतंत्रता संघर्ष के शहीदों की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित**

**देश के गौरवमयी इतिहास को आम जनता को जानने नहीं दिया गया**

**संवाददाता**

देहरादून। शहीद राजा विजय सिंह स्मारक एवं कन्या शिक्षा प्रसार समिति की ओर से गांव कुंजा बहादुरपुर (हरिद्वार) में स्वतंत्रता संघर्ष के शहीदों की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति एम वैंकैया नायडू ने कहा कि देश के गौरवमयी इतिहास से आम जनता को जानने नहीं दिया। 1857 की क्रांति के बारे में चार लोगों को ही पता है, लेकिन कुंजा बहादुरपुर गांव में क्रांति की शुरुआत 8 मार्च 1822 को हुई।

उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडु ने कहा कि उत्तराखंड का इतिहास वीरता से भरा हुआ है। 17वीं शताब्दी से ही यहां की नारियों ने भी विदेशी आक्रांता को भगाने का काम किया। आज भी उत्तराखंड के अंदर वीरता के एक से शौर्य गाथा हुई, लेकिन इतिहास को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया। उन्होंने कहा कि देश के सभी महानुभाव स्वतंत्रता सेनानियों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। इससे पहले उपराष्ट्रपति ने रुड़की के निकट कुंजा बहादुरपुर गांव में 1824 के स्वाधीनता संघर्ष के शहीद राजा विजय सिंह की प्रतिमा पर सादर पुष्पांजलि अर्पित की। आज सुबह उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू दिल्ली से देहरादून के जौली ग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचे। जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर राज्यपाल बेबी रानी मौर्य, मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री धन सिंह रावत, प्रमुख सचिव उत्पल कुमार, डीजीपी अनिल रतूड़ी सहित मौजूद अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर उपराष्ट्रपति का गर्मजोशी से स्वागत किया।

जॉलीग्रांट एयरपोर्ट से उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू एमआइ17 हेलीकॉप्टर से रुड़की के लिए रवाना हुए। उपराष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए एयरपोर्ट के अंदर व बाहर सुरक्षा के बेहद कड़े बंदोबस्त किए गए थे। रुड़की के कुंजापुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर करीब पौने एक बजे रुड़की से हेलीकॉप्टर के जरिए आइएमए हेलीपैड पहुंचे।


उप राष्ट्रपति वैंकया नायडू के कुंजा बहादुरपुर गांव पहुंचने पर मुख्यमंत्री, राज्यपाल व केंद्रीय मंत्री निशंक स्वागत करते हुए।

## उत्तराखण्ड की भूमि वीर भूमि हैः राज्यपाल

**संवाददाता** देहरादून। राज्यपाल बेबी रानी मोर्य ने कहा कि उत्तराखण्ड की भूमि वीर भूमि है। 1857 की क्रांति से पहले ही आजादी की लड़ाई का बिगुल फूंकने वाले कुंजा बहादुरपुर गांव के वीर शहीदों ने क्रांति की शुरूआत कर दी थी। मातृ भूमि की रक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वालों के गांव बुलाने पर राज्यपाल ने समिति का आभार व्यक्त किया। भारत वर्ष को स्वतंत्र कराने के लिए जिन असख्य लोगों ने अपना बलिदान दिया है हम उनके सपनों के भारत का निर्माण करे। इस कार्यक्रम से लोगों में देश भक्ति की भावना जागृत होगी।

**सीएम ने शहीद स्मारक को झबरेड़ा में बनाये जाने की घोषणा की**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है और हम गौरवान्वित होते हैं यह सुनकर कि हमारे राज्य का गांव कुंजा बहादुरपुर ऐसा गाँव है जो देश की आजादी के 126 साल पहले ही देश की आजादी के लिए फिरंगियों के खिलाफ लड़ने लगा था। गांव की हर मां की संतान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की संतानें की मां है। यह गांव शौर्य की पराकाष्ठा है। उन्होंने शहीद स्मारक को भव्य रूप में झबरेड़ा में बनाये जाने की घोषणा की।

## 'आपरेशन स्माइल व आपरेशन शिनाख्त' एक दिसंबर से होगा शुरु

अभियान

- अभियान हेतु सोशल मीडिया का भी सहयोग लिया जाये

देहरादून। **संवाददाता**

पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था अशोक कुमार के निर्देशन में प्रदेश में 01 दिसम्बर से 02 माह का ऑपरेशन स्माइल व ऑपरेशन शिनाख्त अभियान चलाया जाएगा। अभियान में वर्ष 2000 से अभी तक तलाश हेतु शेष पंजीकृत गुमशुदा बच्चों के साथ-साथ गुमशुदा पुरुष एवं महिलाओं को भी तलाश किया जाएगा। इसके साथ ही गुमशुदाओं का मिलान लावारिश शवों से भी कराया जायेगा।

डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि ऑपरेशन स्माइल व ऑपरेशन शिनाख्त अभियान के अन्तर्गत जनपद देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल व ऊधमसिंहनगर


डीजीपी कानून व्यवस्था अशोक कुमार।

**निर्देशः** बच्चों से सम्बन्धित प्रचलित समस्त कानूनी एवं विधिक प्राविधानों आदि की जानकारी प्रदान किये जाने हेतु अभियान प्रारम्भ करने से पूर्व प्रत्येक जनपद में एक वर्कशाप का आयोजन किया जाये। अभियान ऐसे समस्त सम्भावित स्थान जहां बच्चों के मिलने की सम्भावना अधिक है, जैसे शेल्टर होम्स, ढाबों, कारखानों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशन आदि में चलाया जायेगा।

में 05-05 तलाशी टीम व शेष जनपदों में 02-02 तलाशी टीम (प्रत्येक टीम में उपनिरीक्षक-1, आरक्षी-4) का गठन किया गया है। प्रत्येक तलाशी टीम में गुमशुदा/बरामद बच्चों व महिलाओं से पूछताछ हेतु एक महिला पुलिसकर्मी को भी अनिवार्य रूप से नियुक्त किया गया है।

टीमों की सहायता हेतु 01-01 विधिक एवं टेक्निकल टीम का भी गठन किया गया है। जनपद देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल व ऊधमसिंहनगर में 01 अपर पुलिस अधीक्षक व अन्य जनपदों में पुलिस उपाधीक्षक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मुख्यालय स्तर पर अभियान की नोडल अधिकारी ममता वोहरा, अपर पुलिस अधीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, उत्तराखण्ड हैं। बरामद बच्चों के सम्बन्ध में यदि किसी अपराध का होना पाया जाये तो सम्बन्धित के विरूद्ध तत्काल अभियोग दर्ज कर कार्यवाही की जाये। अभियान हेतु सोशल मीडिया का भी सहयोग लिया जाये।

## ब्यूरोक्रेसी पर बिफरे त्रिवेंद्रः मोर्चा

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश में लाखों युवा नौकरी पाने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं, लेकिन सूबे के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत बेसुध पड़े थे। कल सचिवों की बैठक में नौकरियों, रोजगार के मामले में अधिकारियों पर कड़ाई इस बात का संकेत है कि ब्यूरोक्रेसी पर लगाम कसने में त्रिवेंद्र नाकाम हो चुके हैं तथा इसी का नतीजा है कि ढाई वर्षों में त्रिवेंद्र 2500 लोगों तक को रोजगार मुहैया नहीं करा पाए। मोर्चा कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए नेगी ने कहा कि महत्वपूर्ण यह है कि प्रदेश में 60-70 हजार पद रिक्त पड़े हैं, लेकिन 5 दर्जन विभागों का जिम्मा संभाले त्रिवेंद्र व सचिवों तक को मालूम नहीं कि प्रदेश में कितने पद रिक्त हैं।

## नियुक्त होमगार्ड्स अपने ड्यूटी प्वाइंट्स पर उपस्थित रहें

**संवाददाता** देहरादून। पुलिस उपमहानिरीक्षक व निदेशक यातायात केवल खुराना द्वारा राज्य में यातायात व्यवस्था में नियुक्त होमगार्ड्स कर्मचारी द्वारा ड्यूटी न करना तथा ड्यूटी प्वाइंटस पर उपस्थित न होने के सम्बन्ध में जनपदों को निर्देश जारी किये गए हैं। राज्य के प्रत्येक जनपद में यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए यातायात पुलिस के सहयोग हेतु दैनिक रूप से होमगार्ड्स नियुक्त किये जा रहे हैं। राज्य में चार बड़े जनपदों देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल तथा ऊधमसिंहनगर में होमगार्ड्स को यातायात की दृष्टि से अति संवेदनशील स्थानों पर नियमित रुप से नियुक्त किया जा रहा है। वर्तमान में होमगार्ड्स कर्मचारियों को दैनिक रुप से मानदेय प्राप्त हो रहा है,इसलिए यह आवश्यक है कि होमगार्ड्स कर्मचारियों से भी नियमित रूप से ड्यूटी ली जाये।






## संक्षिप्त समाचार

### अपीलों व शिकायतों की सुनवाई की तिथि परिवर्तित की गई

**संवाददाता** देहरादून। उप सचिव उत्तराखण्ड सूचना आयोग ने अवगत कराया है कि मुख्य सूचना आयुक्त की पीठ में 02 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक योजित द्वितीय अपीलों शिकायतों की सुनवाई की तिथि परिवर्तित की गयी है। उन्होंने अवगत कराया है कि 02 दिसम्बर 2019 की सुनवाई 24 जनवरी 2020, 03 दिसम्बर की सुनवाई 27 जनवरी 2020, 04 दिसम्बर की सुनवाई 07 जनवरी 2020, 05 दिसम्बर की सुनवाई 29 जनवरी, 06 दिसम्बर की सुनवाई 30 जनवरी, 09 दिसम्बर की सुनवाई 31 जनवरी तथा 10 दिसम्बर को योजित सुनवाई 04 फरवरी 2020 को की जायेगी।

### ऑनलाइन आवेदन के लिए शुरु हो चुका पंजीकरण

**संवाददाता** देहरादून। प्रधानाचार्य सैनिक स्कूल घोड़ाखाल नैनीताल ने अवगत कराया है कि रक्षामंत्री भारत सरकार द्वारा सैनिक स्कूलों में बालिकाओं के लिए कक्षा 6 में प्रवेश हेतु 10 प्रतिशत् सीट सत्र 2020-21 हेतु निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि बालिकाएं जो 01 अप्रैल 2008 से 31 मार्च 2010 के मध्य जन्मी हो पात्र होंगी। शुल्क सामान्य एवं डिफेंस केटेगरी के लिए रू0 400 एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए रू0 250 है। पंजीकरण आनलाईन आवेदन 26 नवम्बर प्रारम्भ हो गया है तथा 6 दिसम्बर तक वेबसाईट पर पद विवरण उपलब्ध रहेंगे।

### राजधानी कैसी हो भाजपा तय करेगी

**संवाददाता** देहरादून। राज्य स्थापना के 19 साल बाद भी भले ही सूबे के नेता और सरकारें द्वारा सूबे की राजधानी पर कोई फैसला न लिया गया हो लेकिन राजधानी के मुद्दे पर सियासी घमासान कभी खत्म नहीं हुआ है। कांग्रेस ने गैरसैंण में राजधानी की नींव तो रख दी लेकिन गैरसैंण की राजधानी का स्वरूप क्या होगा इस पर तकरार जारी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं0-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।